**प्रेषक,**

खुशतर दानिश ,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
एफ.टी.सी., कोर्ट नं०२,आजमगढ़।

**सेवा में,**

**माननीय महानिबन्धक,**
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद ।

**द्वारा,**

**माननीय जिला जज,**
आजमगढ़ ।

विषय– **स्थानान्तरण के बारे में ।**

**महोदय,**

अत्यन्त विनम्रता पूर्वक निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय की अधिसूचना संख्या ७०६/एडमिन.(सर्विस)२०२१ दिनांकित ०९अप्रैल,२०२१ के द्वारा मेरा स्थानान्तरण जनपद बागपत से जनपद आजमगढ़ किया गया था।

२. माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मेरे द्वारा जनपद आजमगढ़ में कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है।

३. अत्यन्त विनम्र निवेदन है कि मैं अपनी सेवा के प्रारम्भ से ही उत्तर प्रदेश राज्य के अति पिछड़े क्षेत्र जैसे अमरोहा,कैराना(शामली), बिसौली (बदायूँ ), कन्नौज और बागपत में तैनात रहा हूं।

४. यह भी विनम्र निवेदन है कि मेरे माता–पिता भी मेरे साथ रहते आये हैं। मेरी माता जी अत्यधिक बीमार थी और उक्त पिछड़े क्षेत्रों में उचित चिकित्सा सेवाओं के उपलब्धता के अभाव में, मैं उन्हें वांछित चिकित्सा सहायता उपलब्ध नहीं करा सका, परिणामतः कुछ वर्ष पूर्व उनकी मृत्यु हो गई ।

५. उपरोक्त पृष्ठभूमि में विनम्र निवेदन है कि वर्तमान में मेरे अत्यन्त वृद्ध लगभग ७५ वर्षीय पिता भी मेरे साथ निवास कर रहे हैं। मेरे पिता जी अनेक बीमारियों जैसे ऐनलार्ज प्रोस्टेट (जिसका निकट भविष्य में आपरेशन होना है,), हाई ब्लड शुगर, नेत्र, हड्डी एवं जोड़ों के रोग से पीड़ित हैं। वर्तमान में मेरे पिता जी का ईलाज दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में चल रहा है।

६. अतः माननीय न्यायालय की सेवा में विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मेरा स्थानान्तरण दिल्ली के निकट किसी ऐसे स्थान पर करने की कृपा करें, जहां मैं अपने पदीय कर्तव्यों के साथ–साथ अपने पुनीत दायित्वों का भी निर्वहन कर सकूं।

अत्यधिक आदर सहित।

संलग्नः मेडिकल पर्चे।

दिनांक 29-11-2021

भवदीय,

Khusts 29/11/21

**( खुशतर दानिश )**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
एफ.टी.सी., कोर्ट नं०–२,आजमगढ़।